संपादकीय

बिश्केक में मोदी

किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन की बैठक में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोरदार ढंग से आतंकवाद का मुद्दा उठाया। आतंकवाद को सरकारी संरक्षण का विरोध करते हुए मोदी ने आतंकवाद के मुद्दे पर अलग सम्मेलन बुलाने की मांग की। एससीओ के संयुक्त घोषणा पत्र में आतंकवाद को शामिल किया जाना भारत की बड़ी जीत माना जा रहा है। सही मायनो में बैठक के जरिये जहां भारत आतंकवाद को प्रमुख मुद्दा बनाने में सफल रहा, वहीं पाकिस्तान अलग-थलग नजर आया। सीधे पाक का नाम न लेकर भारत ने जोर देकर कहा कि आतंकवादियों को वित्तीय मदद देने वाले देशों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। पाक की चाहत के बावजूद मोदी व इमरान में बातचीत नहीं हो पायी। वहीं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई दोपक्षीय वार्ताओं में दोनों देशों के आर्थिक, कारोबारी व सामरिक हितों पर बात हुई। चीनी राष्ट्रपति को कहना पड़ा कि चीन से भारत को कोई खतरा नहीं है। लोगों के बीच बेहतर संवाद की आवश्यकता जताते हुए प्रधानमंत्री ने समाज को आतंक से मुक्त करने की जरूरत बतायी और मानवतावादी ताकतों को एकजुट करने पर बल दिया। मोदी ने अपनी चिरपरिचित शैली में स्वास्थ्य सहयोग को मजबूत करने के लिये 'हेल्थ' शब्द के अंग्रेजी अक्षरों के मेल के अनुरूप फार्मूला दिया। जिसमें हेल्थ, आर्थिक सहयोग, वैकल्पिक ऊर्जा, साहित्य व संस्कृति, आतंकवाद मुक्त समाज व मानवीय सहयोग का नारा दिया। सम्मेलन की सबसे बड़ी कामयाबी यह रही कि मोदी चीन व रूस को साधने के साथ ही पाक को अलग-थलग करने में कामयाब रहे। इसके साथ ही भारत, पाक को आतंकवाद पोषण हेतु अपरोक्ष समर्थन के खिलाफ चेताने में भी सफल रहा। साथ ही दो टूक शब्दों में संदेश कि सीमा पार से आतंक नहीं रुकने तक वार्ता संभव नहीं है। ऐसे दौर में जब चीन अमेरिका के साथ ट्रेड वार से जूझ रहा है तो वह भारत को एक बड़े बाजार के रूप में देख रहा है। तभी चीनी राष्ट्रपति ने भारत से आयात किये जाने वाले सामान के लिये नियमों को सरल करने का वायदा किया। संबंधों को आगे बढ़ाने की इच्छा इसी साल चीनी राष्ट्रपति की भारत यात्रा पर सहमति में झलकती है। उम्मीद है कि डोकलाम विवाद के बाद वुहान में शी व मोदी की अनौपचारिक वार्ता के बाद दोनों नेताओं में जो समझ बनी है, उससे आगे बेहतर रिश्ते बनाने में मदद मिलेगी। वहीं मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को आश्वस्त कराया कि दोनों देशों के रिश्तों पर अमेरिकी दबाव का असर नहीं होगा। दोनों में आर्थिक व सामरिक हालात पर भी चर्चा हुई। दरअसल, रूस व भारत के बीच एयर डिफेंस डील को लेकर अमेरिका आपत्ति जताता रहा है।

भारत की बादशाहत बरकरार, विश्वकप में पाकिस्तान को लगातार 7वीं बार दी मात

मैनचेस्टर (आरएनएस)। आईसीसी आयोजनों में भारत का अपने पड़ोसी और चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर वर्चस्व जारी है। भारतीय टीम ने ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर रविवार को पाकिस्तान को 89 रन (डकवर्थ-लेविस नियम के आधार पर) से हराते हुए आईसीसी आयोजनों में पाकिस्तन के खिलाफ 7-0 की बढ़त बना ली है। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने रोहित शर्मा (140) के करियर के 24वें शतक के अलावा लोकेश राहुल (57) तथा कप्तान विराट कोहली (77) की उम्दा पारियों की मदद से 50 ओवरों में पांच विकेट पर 336 रन बनाए।

जवाब में पाकिस्तानी टीम 40 ओवरों में 6 विकेट पर 212 रन ही बना सकी। तीसरी बार आई बारिश के बाद पाकिस्तान को 40 ओवरों में 302 रन बनाने का लक्ष्य मिला था। खेल रोके जाने तक पाकिस्तान ने 35 ओवर में च6 विकेट पर 166 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए फकर जमान ने सबसे अधिक 62 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव और विजय शंकर ने दो-दो विकेट लिए। रोहित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत ने भारतीय टीम को 10 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। भारत के चार मैचों से सात अंक हो गए हैं जबकि पाकिस्तान के पांच मैचों से सिर्फ तीन अंक हैं और वह नौवें स्थान पर खिसक गया है।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने 13 रन के कुल योग पर अपने सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (7) का विकेट गंवा दिया। यह विकेट अपना पहला विश्व कप खेल रहे विजय शंकर ने लिया। विजय अपने साथी भुवनेश्वर कुमार का अधूरा ओवर पूरा कर रहे थे, जो हैमस्ट्रींग के कारण मैदान से बाहर चले गए और फिर वापस नहीं आए। विजय ने पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर इमाम को चलता किया। इसके बाद हालांकि बाबर आजम (48) और फकर जमान (62) ने दूसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी करते हुए स्थिति को सम्भालने की कोशिश की लेकिन बढ़ते आस्किंग रन रेट का जबाव उन पर हावी होता रहा।

ब्रिटेन से हारकर भारतीय जूनियर टीम को मिला छठा स्थान

मैड्रिड (आरएनएस)। भारतीय जूनियर हॉकी टीम को ब्रिटेन से रविवार को 1-2 से हारकर आठ देशों के अंडर-21 आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट में छठे स्थान से संतोष करना पड़ा। पांचवें और छठे स्थान के लिए खेले गए संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारत की तरफ से एकमात्र गोल मनिंदर सिंह ने 15वें मिनट में किया। भारत ने गोल करने की शुरुआत की लेकिन ब्रिटेन ने 29वें मिनट डेनियल वेस्ट के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गोल से बराबरी हासिल कर ली। मैच के 37वें मिनट में एंड्र्यू मैक्कोनेल ने गोल कर ब्रिटेन को 2-1 से बढ़त दिला दी। भारत ने बराबरी पर आने की भरपूर कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

अब सिर्फ जुर्माना भरकर बच नहीं पाएंगे ब्लैक मनी वाले, नए नियम लागू

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर कालेधन को छिपाने वाले या फिर टैक्स डिफॉल्टर ये समझते हैं कि जुर्माना देकर अपना दामन साफ कर सकते हैं तो ये उनकी बड़ी भूल है। दरअसल केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने ऐसे अपराधों को लेकर जिन नियमों में बदलाव किया था वे नियम आज से लागू हो गए हैं।

ये नियम यह उन सभी पर लागू होंगे जो इस तारीख के बाद जुर्माना राशि भरने के लिए मामला दायर करेंगे। नए नियमों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अब टैक्स डिफॉल्टर या काला धन रखने वाले केवल जुर्माना देकर बच नहीं पाएंगे। उनको दंडित करने के लिए सरकार सख्त कदम उठाएगी। सूत्रों के मुताबिक इन कदमों में सजा के अलावा और भी कई कठोर कदम शामिल हैं। नए नियम ऐसे लोगों पर लागू होंगे जिन्होंने अपने विदेशी बैंक

खाते और संपत्ति की जानकारी छुपाई है। दरअसल अभी तक जो टैक्स डिफॉल्टर या ब्लैक मनी वाले लोग पकड़े जाते थे वे 30 फीसदी टैक्स और जुर्माना भरकर अपने कालेधन को सफेद धन में बदल लेते थे।

खासतौर पर कालाधन कानून के तहत दोषी पाए जाने वाले किसी भी मामले की कंपाउंडिंग नहीं होगी। या दिशानिर्देश वर्ष 2014 में जारी दिशानिर्देशों की जगह लेगा। इसका मतलब यह है कि कोई कंपनी या व्यक्ति अब टैक्स डिफॉल्टर के मामले को महज टैक्स, जुर्माना और ब्याज भुगतान कर मामले से निजात नहीं पा सकता है।

हार के बाद तिलमिलाए पाकिस्तानी प्रशंसक, अपने ही खिलाड़ियों को कहे अपशब्द

मैनचेस्टर (आरएनएस)। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप में हुए मुकाबले से पहले सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हुए। उन वीडियो में पाकिस्तान ने भारतीय खिलाड़ियों को नीचा दिखाने की कोशिश की, लेकिन अब एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसमें पाकिस्तान के प्रशंसक अपने ही खिलाड़ियों को अपशब्द कहते नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान को भारत के खिलाफ यहां रविवार को विश्व कप के मैच में हार मिली। ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर हुए मैच में भारत ने डकवर्थ-लुइस नियम के आधार पर अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी को 89 रनों से शिकस्त दी। विश्व कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की यह लगातार सातवीं हार है। भारत को इस टूर्नामेंट में अब तक पाकिस्तान के खिलाफ एक भी हार नहीं झेलनी पड़ी है।

मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक प्रशंसक द्वारा एक वीडियो पोस्ट किया गया जो ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मुकाबला हारने के बाद मैदान से बाहर जाते समय पाकिस्तान के खिलाड़ियों को उनके ही प्रशंसक हूट कर रहे हैं और अपशब्द कह रहे हैं। एक प्रशंसक ने कहा, फिटे मुंह, फिटे मुंह। कोई शरम होती है, कोई हया होती है। तुम लोगों में न शर्म है, न हया है।

इस बीच एक प्रशंसक ने शोएब मलिक पर नाराजगी जाहिर करते हुए उसे टीम से निकालने की भी मांग की। प्रशंसक ने कहा, मलिक कहां है, कहां है मलिक। टीम से बाहर करो, मलिक को निकालो, निकालो मलिक को।

सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी के बाद गिरावट

नई दिल्ली (आरएनएस)। कारोबारी सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शेयर मार्केट में मिला-जुला रुख रहा। बाजार तेजी के साथ खुला लेकिन जल्द ही इसमें गिरावट देखी गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स (बीएसई) 62.29 अंक मजबूत होकर 39,514.36 पर खुला। वहीं नैशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी (एनएसई) ने 20.70 अंक (0.18 प्रतिशत) चढ़कर 11,844 पर कारोबार की शुरुआत की। कारोबार खुलने के साथ बीएसई पर 14 कंपनियों के शेयरों में लिवाली जबकि 17 कंपनियों के शेयरों में बिकवाली चल रही थी।

पेट्रोल, डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में पिछले चार दिनों से लगातार जारी गिरावट का सिलसिला एक बार फिर थम गया है। तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम पूर्ववत क्रमशः 69.93 रुपये, 72.19 रुपये, 75.63 रुपये और 72.64 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं।

डीजल के दाम भी चारों महानगरों में यथावत क्रमशः 63.84 रुपये, 65.76 रुपये, 66.93 रुपये और 67.52 रुपये प्रति लीटर पर बने हुए हैं। तेल विपणन कंपनियों ने रविवार को चारों महानगरों में पेट्रोल के भाव में छह पैसे प्रति लीटर की कटौती की थी।

यूको बैंक ने यशेवर्धन बिड़ला को डिफाल्टर घोषित किया

मुंबई (आरएनएस)। यूको बैंक ने रविवार को बिड़ला सूर्या लिमिटेड के निदेशक यशोवर्धन बिड़ला को विलफुल डिफॉल्टर (सुविचारित चूककर्ता) घोषित किया। कंपनी के 67.65 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाने से विफल होने पर उनको डिफाल्टर घोषित किया गया है। यशोवर्धन बिरला यश बिड़ला समूह के चेयरमैन भी हैं। यूको बैंक द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में यशोवर्धन बिड़ला की तस्वीर भी प्रकाशित की गई है। बैंक ने कहा कि खाते को तीन जून 2019 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित किया गया।

नोटिस में बैंक ने कहा, बिड़ला सूर्या लिमिटेड को मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित मफतलाल सेंटर में हमारी प्रमुख कॉरपोरेट शाखा से मल्टी क्रिस्टेलाइन सोलर फोटोवोल्टेक सेल्स बनाने के लिए सिर्फ फंड आधारित सुविधाओं के साथ 100 करोड़ रुपये की साख सीमा की मंजूरी दी गई थी। एनपीए में मौजूदा 67.65 करोड़ रुपये का बकाया कर्ज और बिना चुकता किया गया ब्याज शामिल है।बैंक ने कहा कि कोलकाता स्थित बैंक द्वारा ऋणकर्ता

को कई नोटिस दिए जाने के बावजूद उसने बकाया नहीं चुकाया।

रोचक तथ्य यह है कि 1943 में बैंक की स्थापना उद्योगपति जी.डी. बिड़ला के तत्वाधान में किया गया था। जी.डी. बिड़ला यशोवर्धन बिड़ला के परदादा रामेश्वर दास बिड़ला के भाई थे।

आज का राशिफल

मेषः- आज पूरा दिन मन अशांत हो सकता है। मानसिक उलझनों के कारण किसी कार्य में मन नहीं लगेगा। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। स्वास्थ्य के प्रति भी विशेष सावधानी बरतें, बाहर के खाने से बचें।

वृषभः- आपका प्रयास आज रंग लाएगा। किसी तरह का शुभ समाचार मिलेगा। नए अवसर जीवन में परिवर्तन लाने का काम करेंगे। अपनों का सहयोग मिलेगा, मित्र भी साथ देंगे।

मिथुनः- आपको धन लाभ होने की संभावना है। मनोकामना की पूर्ति का दिन है। आज दिन शुभ रहेगा। आज का दिन मंगलमय रहेगा।

कर्कः- भागीदारी में लाभ न के बराबर होगा। आपके अपने परायों सा व्यवहार कर सकते हैं। शारीरिक अस्वस्थता हो सकती है। विवाद से बचना श्रेयस्कर है।

सिंहः- आज दिन मिश्रित रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता है। अशुभ समाचार मिलने से तनाव की स्थिति आ सकती है।

कन्याः- आपको यात्रा से लाभ होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आज आशानुकूल लाभ होने की संभावना है। आपको अधिकारी वर्ग से सहायता मिलेगी।

तुलाः- रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। प्रयास से सभी कार्य बनने की संभावना बनेगी। जिससे आपको धन लाभ होगा।

वृश्चिकः- कार्य बनने की खुशी होगी। बनाए गए नए सम्पर्कों से लाभ होने की संभावना है। सफलता प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

धनुः- कार्यों में बाधा का योग है। धैर्य से काम लें एवं कठिनाइयों का सामना करें। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी। भाग्य 59 प्रतिशत तक साथ देगा।

मकरः- आज की गई यात्रा सुखद रहेगी। किसी कार्य संबंधी मामले में उन्नति का समाचार मिलेगा। पुरस्कार अथवा भेंट मिलने की खुशी होगी।

कुंभः- कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सुख-समृद्धि के साथ-साथ खर्च में भी वृद्धि होगी। गुप्त शत्रु तंग कर सकते हैं, सावधान रहें।

मीनः- भाग्य का साथ आज सफलता दिलाएगा। विरोधी परास्त होंगे। यश-कीर्ति में वृद्धि होगी। व्यवहार कुशलता और शांत रहकर कार्य बना लें। भाई, बहन और बंधु-बांधवों से विचार के तालमेल का अभाव बनेगा।

'दही की शर्बत' बनाने की विधि ...

देशभर के ज्यादातर राज्यों में गर्मी अपने चरम पर है। ऐसे में जरूरी है कि खुद को लू और गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए शरीर में नमी की मात्रा बरकरार रखी जाए। अपने शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए हम फलों के जूस और शरबत का उपयोग कर सकते हैं। आइए, आज जानते हैं कि दही का शरबत बनाने की विधि। यह शरबत न केवल हमें लू के असर से बचाएगा बल्कि तन और मन को ठंडा रखने में भी मददगार रहेगा। तो देर किस बात की है शुरू करते हैं दही का शरबत बनाना...

दही शरबत की सामग्री

1 कप दही
5 कप ठंडा पानी
स्वादानुसार नमक
एक बड़ा चम्मच नींबू का रस
एक चम्मच धनिया
पुदीना
मिर्च का पेस्ट
बर्फ के टुकड़े

विधि

एक बड़े बर्तन में दही और पानी डालकर अच्छी तरह घोल लें।

फिर इसमें नमक, नींबू रस, पेस्ट डालें और मथ लें।

लंबे गिलासों में शरबत डालें और खूब सारा बर्फ डालकर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 98

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	यां	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू- 98

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.98 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6